वेबसाइट के लिए

फाइल न. 19/29/2018-Admn.I
भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
वी.रामलिंगस्वामी भवन
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

दिनांक:19.03.2025

**परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में युवा पेशेवर-I (प्रशासन) हिंदी अनुवादक की नियुक्ति के लिए विज्ञापन**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है, जो अपने मुख्यालय, नई दिल्ली के युवा पेशेवर-I (प्रशासन) हिंदी अनुवादक के पद को भरने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से **वॉक-इन-इंटरव्यू** के माध्यम से निर्धारित प्रोफार्मा (अनुलग्नक 1) में ऑफलाइन **आवेदन** आमंत्रित करता है।

.2 वॉक-इन-इंटरव्यू की दिनांक 28 **मार्च, 2025 को प्रातः 10:00 बजे** निर्धारित किया गया है। इच्छुक उम्मीद्वारों को उक्त तारीख को प्रातः 09:00 बजे से 09:30 बजे तक परिषद मुख्यालय, अंसारी नगर, नई दिल्ली 110029- के स्वागत कक्ष पर रिपोर्ट करना होगा। निर्धारित तारीख एवं समय के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने वाले उम्मीद्वारों को वॉक-इन-इंटरव्यू में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

.3 चयनित उम्मीदवारों को परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में तैनात किया जाएगा।

4. आयु: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख तक 35 वर्ष से अधिक नहीं। (आयु में नियमानुसार छूट है)

5. **शैक्षणिक योग्यता:** डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ हिंदी स्नातक किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/कॉलेज से न्यूनतम 55% अंकों के साथ (संबंधित क्षेत्र/विषय में न्यूनतम एक वर्ष का योग्यता-पश्चात अनुभव के साथ)।

6. **वांछनीय योग्यता:** अनुवाद में डिप्लोमा और कंप्यूटर पर हिंदी और अंग्रेगी टंकण की जानकारी तथा MS ऑफिस की मौलिक जानकारी तथा अनुवाद कार्य में कम से कम 2 वर्षों का अनुभव रखने वाले व्यक्ति को वरियता दी जाएगी

**नोट:** संबंधित क्षेत्र में अधिक अनुभव रखने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।

7. **पारिश्रमिक:** युवा पेशेवर-I (प्रशासन) हिंदी अनुवादक का समेकित पारिश्रमिक 30,000/- रुपये प्रति माह होगा। युवा पेशेवरों को कोई मकान किराया भत्ता (एचआरए) नहीं दिया जाएगा।

8. **नियुक्ति की अवधि:** युवा पेशेवर-I (प्रशासन) हिंदी अनुवादक की नियुक्ति की एक वर्ष अवधि के लिए है, जिसे यदि आवश्यक हुआ तो, आईसीएमआर द्वारा संबंधित क्षेत्र में कार्य/सेवा की आवश्यकताओं को

देखते हुए और अपर महानिदेशक/वरिष्ठ उप महानिदेशक/वरिष्ठ वित्त सलाहकार स्तर के अधिकारी द्वारा उनका मूल्यांकन करने के बाद उम्मीदवारों के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया/घटाया जा सकता है। आईसीएमआर में युवा पेशेवरों की नियुक्ति की अधिकतम अवधि किसी भी स्थिति में तीन वर्ष है।

9. युवा पेशेवर-I (प्रशासन) हिंदी अनुवादक के लिए आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार सरकारी कार्य हेतु किए जाने वाले स्वदेशी दौरों के लिए यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता स्वीकार्य होगा।

9. कार्य का समय प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:30 बजे तक होगा। हालाँकि, आवश्यकतानुसार इसे बढ़ाया जा सकता है और कार्यालय समय से अधिक काम करने पर कोई अतिरिक्त लाभ नहीं दिया जाएगा। बिना किसी वैध कारण के लगातार 08 दिनों तक अप्राधिकृत अनुपस्थित रहने पर यह नियुक्ति स्वतः ही समाप्त हो जाएगी।

10. **छुट्टी का हकदार**- परिषद मुख्यालय में युवा पेशेवर भारत सरकार/आईसीएमआर के नियमों के अनुसार आनुपातिक आधार पर एक कैलेंडर वर्ष में 08 दिनों की छुट्टी और 02 प्रतिबंधित छुट्टियों के पात्र हैं। छुट्टियों के दौरान बीच में पड़ने वाले साप्ताहिक अवकाश, छुट्टियों या राजपत्रित अवकाशों को स्वीकार्य छुट्टियों में नहीं गिना जाएगा। अप्रयुक्त छुट्टियों को अगले कैलेंडर वर्ष में आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, युवा पेशेवरों को छुट्टियों पर सौंपी गई ड्यूटी के बदले प्रतिपूरक अवकाश की भी अनुमति दी जाएगी, लेकिन एक माह में 02 से अधिक छुट्टियां नहीं दी जाएगी। प्रतिपूरक अवकाश एक बार में अधिकतम 05 दिनों का ही संचित किया जा सकता है तथा युवा पेशेवरों को तीन माह के भीतर इसका लाभ लेने की अनुमति दी जाएगी।

12. युवा पेशेवर-I (प्रशासन) हिंदी अनुवादक **के पद के लिए कार्य-क्षेत्र निम्नानुसार है:**

(i) हिंदी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कार्य करना।
(ii) वांछित भाषा में उपर्युक्त कार्य को टाइप करना।
(iii) नियंत्रण अधिकारी द्वारा सौंपे जाने वाले अन्य कार्य।

12. **भर्ती प्रक्रिया:**

i) उम्मीद्वार आयु मानदंड को पूरा करने वाले तथा अपेक्षित योग्यताएं और अनुभव रखने वाले तथा निर्धारित आवेदन पत्र में आवेदन करने वाले को वाक् इन इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाएगा। सभी संबंधित शैक्षिक दस्तावेज, फोटो/अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न किए जाने चाहिए अन्यथा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ii) ईमेल से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

iii) अल्पसूचीबद्ध किए गए उम्मीद्वारों को ही साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी तथा उम्मीद्वार विज्ञापन से संबंधित अपडेट के लिए हमारी वेबसाइट देख सकते हैं।

iv) साक्षात्कार के लिए उम्मीद्वारों की छटनी शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर की जाएगी। हालाँकि, यदि आवश्यक हुआ, तो साक्षात्कार से पहले लिखित परीक्षा और असाइनमेंट भी आयोजित किया

जा सकता है। किसी भी स्तर पर बराबर अंक आने की स्थिति में समान अंक पाने वाले सभी उम्मीद्वारों को आगामी के चरण के लिए योग्य माना जाएगा।

v) उम्मीद्वारों का चयन साक्षात्कार में किए गए प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

vi) यदि चयन हो जाता है, तो उम्मीद्वारों को कार्यभार ग्रहण करते समय अपनी आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, प्रशंसापत्र आदि के प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।

vii) चयनित उम्मीद्वारों को सत्यापन के लिए उपरोक्त सभी दस्तावेज मूल रूप में लाने होंगे।

13. **नियम और शर्तें:**

i) अपूर्ण आवेदन पत्र या निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत न किए गए आवेदन पत्र या बिना फोटो और बिना हस्ताक्षर वाले आवेदन पत्र या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र सामान्यतः अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ii) गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।

iii) परियोजना कर्मचारी को भविष्य निधि, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, शहर प्रतिपूरक भत्ता आदि का लाभ उपलब्ध नहीं होगा।

iv) **परिषद के महानिदेशक, बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते है और इस मामले में किसी भी पत्राचार/सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।**

v) **परिषद के महानिदेशक** वेबसाइट पर विज्ञापित किसी भी पद को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

vi) परिषद के महानिदेशक योग्य उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम आयु और शैक्षिक योग्यता में छूट देने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

vii) चयनित होने पर उम्मीद्वारों को कार्यभार ग्रहण करते समय अपनी आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, प्रशंसापत्र आदि के प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।

viii) की गई छटनी या रोजगार के लिए किसी भी रूप में अपने पक्ष में प्रार्थना करना या बाहरी प्रभाव डालना अयोग्यता माना जाएगा और उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।

ix) केवल आवश्यक योग्यता/अनुभव पूरा करना ही चयन की गारंटी नहीं है।

x) चूंकि ये पद पूर्णतः अस्थाई और संविदा आधार पर भरे जाने हैं, अतः उम्मीद्वारों को आईसीएमआर के अंतर्गत किसी भी प्रकार के नियमित/स्थाई रोजगार या किसी अन्य परियोजना में अपनी सेवाएं जारी रखने का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

xi) परिषद मुख्यालय के महानिदेशक प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों का एक पैनल तैयार करने का अधिकार सुरक्षित रखते है, जो एक वर्ष के लिए वैध होगा।

xii) साक्षात्कार में भाग लेने या पदभार ग्रहण करने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा तथा चयन होने की स्थिति में उम्मीद्वारों को पदभार ग्रहण करने के बाद साक्षात्कार की अवधि के दौरान ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

xiii) किसी भी केन्द्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त/विभाग/पीएसयू के अंतर्गत पहले से नियमित सेवा में कार्यरत उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

xiv) उपरोक्त रिक्तियों के संबंध में कोई भी परिशिष्ट/शुद्धि-पत्र, नोटिस केवल वेबसाइट https://main.icmr.nic.in पर जारी किया जाएगा और प्रेस में कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट (https://main.icmr.nic.in) देखते रहें। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कृपया https://main.icmr.nic.in पर जाएं।

Signed by
Jagdish Rajesh
Date: 19-03-2025 14:48:46

(जगदीश राजेश)
सहायक महानिदेशक (प्रशा.)

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
वी. रामलिंगस्वामी भवन, अंसारी नगर, नई दिल्ली

## आवेदन-पत्र

पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाएं

1. आवेदित पद : ____________________

2. उम्मीदवार का नाम (मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र के अनुसार) : ____________________

3. पिता का नाम : ____________________

4. जन्मतिथि : ____________________

5. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार आयु : ____________________

6. लिंग (पुरुष/महिला/ट्रांसजेंडर) : ____________________

7. पत्राचार के लिए डाक पता : ____________________

8. स्थाई पता : ____________________

9. मोबाईल नंबर : ____________________

10. ईमेल आईडी : ____________________

11. शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यताएं (अपर्याप्त स्थान की स्थिति में, कृपया आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अलग शीट संलग्न करें):

| क्रं.सं. | उत्तीर्ण परीक्षा/डिग्री | स्कूल/कॉलेज/ विश्वविद्यालय | लिया गया विषय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

12. अनुभव (यदि स्थान अपर्याप्त हो तो कृपया आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित पृथक शीट संलग्न करें):

| नियोक्ता/संगठन का नाम | धारित पद, अंतिम धारित पद से प्रारंभ होगा | अवधि से | अवधि तक | कर्तव्यों की प्रकृति (संक्षेप में) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

13. कोई अन्य जानकारी : ______________________________

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

## घोषणा

i. मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैं संविदा नियुक्ति के पद के लिए निर्धारित आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि की सभी पात्रता शर्तों को पूरा करता/करती हूं।

ii. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं समझता हूँ कि साक्षात्कार से पहले या बाद में किसी भी जानकारी को दबाये जाने/झूठ या गलत पाये जाने या अयोग्यता पाये जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

स्थान:

तारीख:

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

(हस्ताक्षर रहित आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा)

**नोट:**

**अपूर्ण आवेदन/शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता/अनुभव प्रमाण-पत्र से संबंधित फोटोग्राफ और सहायक दस्तावेजों के बिना आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।**